Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

□ वर्ष- 29 □ अंक- 48 □ रायपुर, शुक्रवार 13 मार्च 2026 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## गोवंश संरक्षण और चिराग योजना पर भाजपा विधायक अजय चन्द्राकर का सरकार से तीखा सवाल, विपक्ष ने भी किया हमला

### कृत्रिम गर्भाधान और नस्ल सुधार पर गंभीरता से काम : कृषि मंत्री

रायपुर, 13 मार्च (हाईवे चैनल)। विधानसभा के बजट सत्र के दौरान जहां प्रश्नकाल में विपक्ष ने सरकार को घेरा, वहीं सत्ता पक्ष के विधायक भी सरकार से ही सवाल पूछते नज़र आए. बीजेपी विधायक अजय चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ में गोवंश संरक्षण, कृत्रिम गर्भाधान और दुग्ध उत्पादन से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाते हुए सरकार की नीतियों पर प्रश्न खड़े किए.



छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र

अजय चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में मादा गोवंश की संख्या 53 लाख बताई जाती है, लेकिन उनके गर्भाधान के लिए स्पष्ट नीति का अभाव है. उन्होंने यह भी पूछा कि पशु प्रजनन और टीकाकरण के लिए कौन-कौन से कार्यक्रम चल रहे हैं. इसके साथ ही 1585 संस्थानों के गैर सरकारी या सरकारी होने को लेकर भी उन्होंने जवाब मांगा. चंद्राकर का कहना था कि दुग्ध उत्पादन में प्रदेश आत्मनिर्भर नहीं है और ऐसे में गोवंशीय पशुओं के प्रबंधन की नीति की पारदर्शिता जरूरी है. कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने जवाब देते हुए कहा कि प्रदेश में दुधारू पशुओं के गर्भाधान के लिए कृत्रिम गर्भाधान केंद्र, उप केंद्र और उप ग्राम पशु चिकित्सालयों में पर्याप्त व्यवस्थाएं मौजूद हैं. उन्होंने बताया कि राज्य में बछिया प्रजनन को बढ़ावा दिया जा रहा है और नस्ल सुधार कार्यक्रम के माध्यम से कृत्रिम गर्भाधान को गति दी जा रही है. मंत्री ने कहा कि 1 करोड़ 10 लाख 1228 में से 33 हजार गर्भाधान का लक्ष्य पूरा किया गया है. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार लगातार दुग्ध उत्पादन बढ़ाने की दिशा में प्रयासरत है और व्यवस्थाओं को मजबूत किया जा रहा है.

चिराग योजना के बंद होने पर विपक्ष का प्रहार

अजय चंद्राकर ने चिराग योजना के समय से पहले बंद किए जाने को लेकर सरकार से तीखा सवाल पूछा. उन्होंने जानना चाहा कि आखिर योजना बंद क्यों हुई? और इसके लिए जिम्मेदार कौन है? इसके बाद नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी इसी मुद्दे पर सरकार को घेरा. महंत ने पूछा कि क्या गांवों की बछियों का संरक्षण किया गया है और क्या उन्हें दुग्ध उत्पादन में शामिल करने के लिए कोई योजना बनाई गई है वहीं, पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने यह जानना चाहा कि योजना के पैसों का समर्पण कब किया गया।

### पूर्व विधायक मंगली बाई रावटे के निधन पर मुख्यमंत्री ने शोक जताया

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज विधानसभा के बजट सत्र के दौरान अविभाजित मध्य प्रदेश विधानसभा की पूर्व सदस्य मंगली बाई रावटे के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि स्वर्गीय मंगली बाई रावटे अत्यंत सरल, विनम्र और समाजसेवा के प्रति समर्पित व्यक्तित्व की धनी थीं। उन्होंने अपने जीवनकाल में समाज के लोगों के सुख-दुःख में सदैव सहभागिता निभाते हुए सेवा और सहयोग की भावना से कार्य किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके व्यक्तित्व में मानवीय संवेदनाएँ, सामाजिक प्रतिबद्धता और सेवा का भाव स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता था। उनके निधन से समाज ने एक प्रेरणादायी व्यक्तित्व को खो दिया है, जिसकी कमी सदैव महसूस की जाएगी।

## गैस संकट पर लोकसभा में विपक्ष का जोरदार हंगामा, नारेबाजी के बाद कार्यवाही स्थगित

नई दिल्ली, 13 मार्च (न्यूज चैनल)। देश भर में एलपीजी सिलेंडरों की कथित कमी को लेकर विपक्षी सांसदों के लगातार हंगामे के बीच शुक्रवार को लोकसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। यह व्यवधान तब हुआ जब प्रश्नकाल के दौरान सदन को पहले ही स्थगित कर दिया गया था, क्योंकि विपक्षी सदस्यों ने इस मुद्दे को उठाया था और आपूर्ति संकट पर चर्चा की मांग की थी। संक्षिप्त स्थगन के बाद जब सदन फिर से शुरू हुआ, तो केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सदन को संबोधित करने का प्रयास किया, लेकिन विपक्षी सदस्य एलपीजी के मुद्दे पर नारेबाजी करते रहे।



कार्यवाही की अध्यक्षता कर रही भाजपा सांसद संध्या राय ने बार-बार विरोध कर रहे सदस्यों से अपनी सीटों पर लौटने और सदन को सुचारू रूप से चलने देने का आग्रह किया। अध्यक्ष की अपीलों के बावजूद, एलपीजी आपूर्ति के मुद्दे पर चर्चा की मांग करते हुए विपक्षी सांसदों का हंगामा जारी रहा। स्थिति में अव्यवस्था बनी रहने के कारण, रे ने शुक्रवार को दूसरी बार कार्यवाही स्थगित कर दी और दोपहर 2 बजे तक के लिए बैठक स्थगित कर दी।

इस बीच, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से दोपहर 2 बजे के आसपास 2025-26 के लिए अनुदान की पूरक मांगों पर चर्चा का जवाब देने की उम्मीद है। इससे पहले दिन में, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल के दौरान विरोध प्रदर्शन शुरू होने के बाद सदन को दोपहर तक के लिए स्थगित कर दिया था। विपक्षी सदस्यों ने देश के कई हिस्सों में एलपीजी सिलेंडरों की कथित कमी पर चिंता जताई और सरकार के इस दावे की आलोचना की कि आपूर्ति संकट नहीं है। सदन को स्थगित करते हुए, बिरला ने व्यवधान की आलोचना की और सदस्यों से संसदीय मर्यादा बनाए रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सदन की पवित्रता, मर्यादा और गरिमा को बनाए रखना सभी का दायित्व है; फिर भी, आप जिस तरह के दुर्व्यवहार में लिप्त हैं, उससे आप उसी पवित्रता को नष्ट कर रहे हैं। अध्यक्ष ने आगे कहा कि यदि सदस्य प्रश्नकाल को आगे बढ़ने देने के इच्छुक नहीं हैं और जानबूझकर कार्यवाही में बाधा डालते हैं, तो सदन को दोपहर तक के लिए स्थगित करना होगा।

### ब्रेकिंग न्यूज

## प्लांट में घुसकर किया था डबल मर्डर, योगी की पुलिस ने आरोपी के दोनों टांगों में ठोकी गोली



नई दिल्ली, 13 मार्च (न्यूज चैनल)। उत्तरप्रदेश की बदायूं पुलिस ने एचपीसीएल प्लांट के डिप्टी जनरल मैनेजर और एजीएम की हत्या के आरोपी अजय प्रताप सिंह उर्फ रामू को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, हत्या में इस्तेमाल किए गए तमंचे की बरामदगी के लिए ले जाते समय आरोपी ने अचानक पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। इसके जवाब में पुलिस ने भी कार्रवाई करते हुए गोली चलाई। इस मुठभेड़ में आरोपी के दोनों पैरों में गोली लगी है, जबकि पुलिस कार्रवाई के दौरान सिपाही ओमबीर सिंह भी घायल हो गए। उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले में 12 मार्च की दोपहर हिंदुस्तान पेट्रोलियम के सीबीजी (कंप्रेस्ड बायोगैस) प्लांट में घुसकर डीजीपी और असिस्टेंट सेल्स मैनेजर की दिनदहाडे गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गए। प्रारंभिक जांच में नौकरी से निकाले जाने से नाराज एक पूर्व कर्मचारी पर हमला करने का आरोप लगा है। पुलिस ने आरोपी पूर्व कर्मचारी अजय प्रताप सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।

## दो ट्रकों की टक्कर के बाद लगी आग, जिंदा जला ड्राइवर, एक घायल



नई दिल्ली, 13 मार्च (न्यूज चैनल)। राजस्थान के सिरोही जिले में एक राजमार्ग पर दो ट्रकों की टक्कर के बाद आग लग जाने से एक ट्रक चालक जिंदा जल गया, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया।पुलिस के अनुसार, यह हादसा स्वरूपगंज थाना क्षेत्र में हुआ, जहां दो ट्रकों की टक्कर के बाद उनमें आग लग गई।

पुलिस ने बताया कि एक ट्रक का चालक केबिन में फंस गया और जिंदा जलने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना में एक अन्य व्यक्ति घायल हुआ है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## अब रायपुर से रीवा के लिए 17 से शुरू होगी फ्लाइट

रायपुर, 13 मार्च (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ से रीवा आने-जाने वाले लोगों के लिए बड़ी खुशखबरी है. क्योकि दिल्ली, इंदौर के बाद अब रीवा, छत्तीसगढ़ से सीधे हवाई मार्ग से जुड़ने जा रहा है. वहीं 17 मार्च से इसकी शुरुआत होगी. इस फ्लाइट को कोई और नहीं अलायंस एयर ही संचालित करने वाला है.



### 1 घंटे में होगा रीवा का सफर

17 मार्च से रायपुर और रीवा के बीच सीधी फ्लाइट शुरू होने जा रही है. इसके लिए टिकट बुकिंग शुरू हो गई है. इस फ्लाइट से रायपुर और रीवा के बीच का सफर सिर्फ 1 घंटे में पूरा हो जाएगा. जिससे यहां आने-जाने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी और उनका समय भी बचेगा. रीवा से रायपुर के बीच सप्ताह में तीन दिन हवाई सेवा मिलेगी. मंगलवार, गुरुवार और शनिवार का शेड्यूल जारी किया गया है. दिल्ली से आने वाली प्लेन रीवा में रुकेगी, इसके बाद यही प्लेन रायपुर जाएगी. फिर वहां से लौटकर रीवा आएगी और फिर दिल्ली जाएगी. अलायंस एयर का प्लेन ही रायपुर जाएगा, इसके कारण दिल्ली और रीवा के बीच चलने वाली हवाई सेवा के समय में भी बदलाव होने जा रहा है. 17 मार्च से ही दिल्ली-रीवा का समय बदल जाएगा. हालांकि 17 मार्च का समय सिर्फ शुभारंभ के लिए बदलेगा, लेकिन 19 मार्च से रीवा-दिल्ली का समय स्थाई रूप से बदल जाएगा. 17 मार्च को शुभारंभ के दिन दिल्ली से एटीआर 72 (ॠक्र72), 12.30 बजे उड़ान भरेगा और 2.25 बजे रीवा पहुंचेगा. फिर 3.15 बजे रीवा से रायपुर के लिए उड़ान भरेगा और रायपुर 4.35 बजे पहुंचेगा. इसके बाद शाम 5 बजे रीवा के लिए उड़ान भरेगा और 6.15 बजे रीवा पहुंचेगा. रीवा से दिल्ली के लिए यह प्लेन 6.40 बजे उड़ेगा और रात 8.40 बजे दिल्ली पहुंचेगा. 19 मार्च से रीवा-दिल्ली-रायपुर के बीच चलने वाली प्लेन का शेड्यूल ऑनलाइन टिकट में दिखाई देने लगा है. ऑनलाइन टिकट बुकिंग काउंटर के अनुसार, 19 मार्च से एटीआर 72 दिल्ली से दोपहर 3.30 बजे उड़ेगा और 5.25 बजे रीवा पहुंचेगा. रीवा से रायपुर के लिए 5.50 बजे उड़ान भरेगा और रायपुर 7.10 पर पहुंचेगा. रीवा के लिए फिर 7.35 बजे उड़ेगा और 8.50 बजे रीवा पहुंचेगा. इसके बाद रात 9.15 बजे दिल्ली के लिए रवाना होकर 11.05 बजे पहुंचेगा. अलायंस एयर ने टिकट बुकिंग शुरू कर दी है और किराया भी कम रखा गया है. हालांकि, जाना आने की तुलना में 700 रुपये सस्ता है। रीवा से रायपुर जाने वालों के लिए किराया 3 हजार 614 रुपये रखा गया है. वहीं रायपुर से रीवा आने वालों के लिए किराया 4 हजार 293 रुपये निर्धारित किया गया है.

## सरकारी कर्मचारियों के डीए में बढ़ोतरी जल्द होगी! एरियर देने की भी तैयारी

नई दिल्ली, 11 मार्च (न्यूज चैनल)। देश के एक करोड़ से अधिक केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए मार्च का महीना बड़ी खुशखबरी लेकर आ सकता है।

7वें वेतन आयोग की अवधि समाप्त होने और 8वें वेतन आयोग के ऐतिहासिक आगाज़ के बीच, केंद्र सरकार जनवरी 2026 से प्रभावी होने वाले महंगाई भत्ते की घोषणा करने की तैयारी में है। हालांकि इस बार की बढ़ोतरी पिछले रुझानों की तुलना में कुछ कम रहने का अनुमान है, लेकिन वेतन आयोग के बदलावों के बीच यह घोषणा लाखों परिवारों की वित्तीय स्थिति के लिए बेहद अहम मानी जा रही है।

महंगाई भत्ते का निर्धारण श्रम मंत्रालय द्वारा जारी किए जाने वाले ऑल इंडिया कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स के आधार पर होता है। दिसंबर 2025 तक के 12 महीनों का औसत सूचकांक 419.17 अंक पर रहा है। वहीं 7वें वेतन आयोग के मौजूदा फॉर्मूले के तहत डीए का प्रतिशत 60.34 प्रतिशत निकलकर आता है। चूंकि सरकार दशमलव को छोड़कर पूर्णांक में भुगतान करती है, इसलिए जनवरी 2026 से भत्ते का 60त्न होना लगभग तय माना जा रहा है। वर्तमान में यह 58 प्रतिशत है। 31 दिसंबर 2025 को 7वें वेतन आयोग का कार्यकाल पूरा हो चुका है। सरकार ने 8वें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है, जिसे 1 जनवरी 2026 से प्रभावी माना जा रहा है।

## एनजीओ और पुलिस ने रायपुर के फैक्ट्री-कारखानों में दी दबिश, 7 बाल मजदूरों का रेस्क्यू

रायपुर, 13 मार्च (हाईवे चैनल)। राजधानी के औद्योगिक क्षेत्रों में नाबालिगों को बंधक बनाकर काम कराने वाले कारोबारियों पर पुलिस ने कार्रवाई की है। उरला, सिलतरा और खमतराई इलाके के फैक्ट्री- कारखानों में दबिश देकर एनजीओ और पुलिस की संयुक्त टीम ने 7 नाबालिग बच्चों को बाल श्रम की दलदल से बाहर निकाला है। ये मासूम अपनी उम्र के विपरीत भारी मशीनों और खतरनाक रसायनों के बीच मजदूरी कर रहे थे। जिन संस्थानों में रेड मारी गई उनका नाम पुलिस द्वारा सोनी प्लाईवुड इंडस्ट्री, शैमरॉक ओवरशिष प्राइवेट लिमिटेड, इद्राक्षी पाली प्लास्टर एलएलपी प्लांट और सन लाजिस्टिक एंड डिस्ट्रीब्यूटर बताया जा रहा है। पुलिस कंपनी संचालक और सेमरॉक ओवरशिष प्राइवेट लिमिटेड में नाबालिग से काम करवा रहे ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। एसोसिएशन फार वालेंट्री एक्शन छत्तीसगढ़ एनजीओ के रायपुर समन्वय विपिन ठाकुर ने बताया, कि उरला, सिलतरा और खमतराई इलाके में संचालित कंपनियों के प्रबंधन और ठेकेदारों द्वारा नाबालिगों बच्चों से काम करवाने की शिकायतें मिली रही थी। लगातार मिल रही शिकायतों पर पुलिस को सूचना देकर चार फर्मों की कंपनियों और कारखानों में रेड मारी और उरला इलाके से तीन और खमतराई इलाके से चार नाबालिगों का रेस्क्यू किया। इन नाबालिगों से उद्योगों, बेकरियों में काम करवाया जा रहा था। वरिष्ठ अधिकारियों को पूरी रिपोर्ट भेजी गई है।



## पश्चिम एशिया में महा-संकट के बीच पीएम मोदी ने ईरानी राष्ट्रपति से की बात, शांति, सुरक्षा और निर्बाध आपूर्ति पर जोर

नई दिल्ली, 13 मार्च (न्यूज चैनल)। पश्चिम एशिया में गहराते सैन्य तनाव और युद्ध जैसी स्थिति के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार रात ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन से टेलीफोन पर विस्तृत चर्चा की। इस वार्ता का मुख्य केंद्र क्षेत्र की गंभीर स्थिति, नागरिक सुरक्षा और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर पड़ने वाला प्रभाव रहा। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से जानकारी दी कि उन्होंने क्षेत्र में बढ़ते तनाव, निर्दोष नागरिकों की जान जाने और असैन्य बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त की है।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार रात ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन से फोन पर बात की और पश्चिम एशिया की ''गंभीर स्थिति'' पर चर्चा की। मोदी ने क्षेत्र में बढ़ते तनाव और आम लोगों की जान जाने के साथ-साथ असैन्य बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने ईरान के राष्ट्रपति को बताया कि भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के साथ-साथ सामान और ईंधन के निर्बाध परिवहन की आवश्यकता भारत की सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''क्षेत्र में गंभीर स्थिति पर चर्चा के लिए मैंने ईरान के राष्ट्रपति डॉ. मसूद पेजेश्कियन से बातचीत की। मैंने तनाव बढ़ने, नागरिकों की जान जाने और असैन्य बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त की।'' प्रधानमंत्री ने शांति और स्थिरता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया.

## ज्वेलरी शॉप में फिल्मी स्टाइल में ठगी

### 5 लाख के जेवर पहनकर फरार हुई शातिर महिला, पुलिस भी रह गए दंग

रायपुर, 13 मार्च (हाईवे चैनल)। राजधानी में ठगी का मामला सामने आया है। यहाँ एक महिला ग्राहक बनकर ज्वेलरी दुकान पहुंची और करीब 5 लाख रुपये के जेवर पहनकर ट्रायल के बहाने चंपत हो गई। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए महिला और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना टिकरापारा थाना क्षेत्र के देवपुरी स्थित 'मां दुर्गा ज्वेलर्स' की है। 12 मार्च 2026 की दोपहर करीब 3:30 बजे कमलेश्वरी साहू नाम की महिला अपने साथी मेषराम साहू के साथ दुकान पहुंची। उन्होंने दुकानदार पंकज सोनी से सोने का 'रानी हार' दिखाने को कहा। दुकान संचालक दुर्गा सोनी ने पास की दूसरी दुकान से रानी हार मंगवाकर उन्हें दिखाया। महिला ने बड़ी चालाकी से खरीदारी का नाटक किया और पसंद आने के नाम पर कई जेवर पहन लिए। महिला ने ?3.45 लाख का रानी हार, 1.08 लाख के चांद बाली, ?19,500 का सोने की अंगूठी और ?20,500 का चांदी की पायल व बिछिया पहन कर फरार हो गई है। जेवर पहनने के बाद महिला ने दुकानदार को झांसा दिया

### सहेली का बहाना और फरार

कि उसकी सहेली बैंक से पैसे लेकर आ रही है और वह भी खरीदारी करेगी। वह फोन पर बात करते हुए दुकान के बाहर निकली और देखते ही देखते गायब हो गई। महिला के जाते ही उसका साथी मेषराम साहू भी चुपके से खिसकने की कोशिश करने लगा, जिसे कर्मचारियों ने मुस्तैदी दिखाते हुए पकड़ लिया। पूछताछ में उसने महिला का नाम और पता उगला। टिकरापारा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी की और कमलेश्वरी साहू व मेषराम साहू को गिरफ्तार कर लिया है।

## आरटीई में 55000 सीट घटाने पर हाईकोर्ट सख्त, एजुकेशन सेक्रेटरी से मांगा जवाब

बिलासपुर, 13 मार्च (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने प्रदेश में आरटीई की 55 हजार सीट घटाने पर कड़ी नाराजगी जाहिर की है। सरकार के फैसले से नाराज डिवीजन बेंच ने कहा कि, चालू शिक्षा सत्र में आरक्षित सीटों की संख्या 85 हजार से घटकर सीधे 30 हजार कैसे कर दी गई? इस पर शिक्षा सचिव को व्यक्तिगत हलफनामा देने को कहा गया है। इस मामले में 24 मार्च को सुनवाई होगी। दूसरी तरफ राज्य सरकार ने बताया कि, स्कूल में बच्चों से पुताई करवाने वाली प्राचार्या को हटा दिया गया है।



### बच्चों से पुताई कराने के मामले में भी सुनवाई

आरटीई से जुड़ी जनहित याचिका सहित स्कूल शिक्षा विभाग की अव्यवस्था को लेकर जनहित अन्य याचिकाओं पर हाईकोर्ट के डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। इस दौरान सूरजपुर के तिलसिवा के डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में बच्चों से पुताई और मजदूरी कराने को लेकर बहस हुई। मामले में पूर्व में स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव से शपथ पत्र मांगा था। जिस पर शासन की तरफ से शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया, इसमें बताया गया कि सूरजपुर के तिलसिवा के डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल की प्राचार्या विधु शर्मा को तत्काल प्रभाव से पद से हटा दिया गया है। उनकी जगह सुनील महाजन को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। शासन ने जवाब में बताया कि, इस मामले की जांच की गई है, जिसमें पाया गया कि प्राचार्य का व्यवहार पालकों के प्रति बेहद रूखा और सख्त था। यह भी खुलासा हुआ कि वे बिना किसी आधिकारिक अनुमति के स्कूल परिसर में ही रह रही थीं और उनके पति का भी वहां आना-जाना लगा रहता था। आरटीई की शिकायतों का निराकरण नहीं वहीं, मामले की सुनवाई के दौरान बताया गया कि आरटीई के तहत दुर्ग में कुल 172 ऑफलाइन शिकायतों में से केवल 54 का निराकरण हुआ है, जबकि 118 मामले अब भी लंबित हैं। हाईकोर्ट ने दुर्ग के जिला शिक्षा अधिकारी को इन्हें 2 सप्ताह के भीतर निपटाने का आदेश दिया है। एक अन्य मामले में रायपुर के एक निजी स्कूल द्वारा बिना आवश्यक मान्यता के प्रवेश विज्ञापन जारी करने पर हाईकोर्ट ने उसे नया पक्षकार बनाते हुए नोटिस जारी किया है।